

जन जन की बात जन जन तक

साप्ताहिक

# जन जन विचार



সাপ্তাহিক

ৰাইজৰ কথা ৰাইজৰ মাজলৈ

জন জন বিচাৰ

WEEKLY TRILINGUAL NEWSPAPER

Language : Hindi, Assamese & English

WEBSITE : www.janjanvichar.in

VOICE OF ALL, FOR ALL

WEEKLY

JAN JAN VICHAR

RNI Regd No. ASMUL/25/A2367::Guwahati, Friday, 28 August 2026 :: Year-1 Vol-33 Issue-12 ::शुक्रवार। 28 अगस्त 2026। शक संवत 1948। श्रावण। शुक्ल। पूर्णिमा। :: पृष्ठ-20। मूल्य - 15 रुपए


## जन चिंतन

धनेश्वर चौधरी

### मनुस्मृति पर सियासत

मनुस्मृति का नाम आते ही राजनीति गरम हो जाती है। कोई इसे सामाजिक अन्याय का प्रतीक बताता है तो कोई इसके नाम पर अपनी वैचारिक राजनीति चमकाने लगता है। लेकिन सवाल सीधा है-क्या देश की राजनीति अब हजारों साल पुराने ग्रंथों के चुनिंदा श्लोकों के सहारे वोट मांगेगी?

राहुल गांधी मनुस्मृति पर सवाल उठाते हैं। यह उनका राजनीतिक अधिकार है। लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी प्राचीन ग्रंथ का मूल्यांकन केवल उन अंशों से किया जाएगा जो आज की राजनीतिक बहस के लिए सुविधाजनक हों? यदि किसी श्लोक में स्त्री या किसी वर्ग के प्रति आपत्तिजनक व्यवस्था है, तो उसकी आलोचना होनी चाहिए। लेकिन उसी के साथ यह भी बताना होगा कि उसी ग्रंथ में स्त्री-सम्मान और सामाजिक कर्तव्यों से जुड़े शेष पृष्ठ 2 पर

## खतरा अभी बाकी चीन ने चेताया

**नई दिल्ली।** चीन-नेपाल सीमा पर आई विनाशकारी बाढ़ से अभी तबाही का मंजर थमा भी नहीं है कि एक नई और बड़ी आपदा का खतरा मंडराने लगा है। चीन ने चेतावनी दी है कि नेपाल सीमा के पास मलबे से बनी एक बैरियर झील कभी भी टूट सकती है। चीनी अधिकारियों के मुताबिक, झील में गुरुवार सुबह तक करीब 20 लाख घन मीटर पानी जमा हो चुका था और पानी झील से बाहर निकलना शुरू हो गया है। अगले 72 घंटों में करीब 30 लाख घन मीटर अतिरिक्त पानी पहुंचने का अनुमान है। यह झील छोचेन खोला और पुरेपु त्सांगपो नदियों के संगम के पास, ग्यिरोंग से करीब 18 किलोमीटर ऊपर बनी है। लेंडे नदी में भारी मात्रा में बर्फ, चट्टान और मलबा जमा होने से नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हुआ और उसके पीछे पानी जमा होकर झील का रूप ले चुका है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि यह प्राकृतिक अवरोध अचानक टूट गया तो उसके पीछे जमा पानी और मलबा कितनी तेजी से नीचे की ओर जाएगा। ऐसी स्थिति में अचानक आने वाली बाढ़ पहले से प्रभावित नदी घाटियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है।

# नेपाल में जलप्रलय



जन जन विचार
...✍ नई दिल्ली

## 469 लोगों की मौत 1,400 से ज्यादा लापता

हिमालय की ऊंची चोटियों पर प्रकृति के एक झटके ने नेपाल से लेकर भारत तक चिंता की नई लहर पैदा कर दी है। चीन के तिब्बत क्षेत्र में आए भूकंप के कुछ ही मिनट बाद हिमस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने नेपाल-चीन सीमा से लगे इलाकों में भारी तबाही मचा दी। तेज बहाव और मलबे ने रास्ते में आने वाली बस्तियों, पुलों, सड़कों और जलविद्युत परियोजनाओं को भारी नुकसान पहुंचाया। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस आपदा में करीब 469 लोगों की मौत हुई है और 1,400 से अधिक लोग लापता हैं। इनमें लगभग 290 भारतीय बताए जा रहे हैं।

सबसे गंभीर चिंता कैलास-मानसरोवर यात्रा पर गए भारतीयों को लेकर है। सीमा क्षेत्र में संचार और सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित होने के कारण राहत और खोज अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में लापता लोगों की वास्तविक संख्या और नुकसान का पूरा आकलन आने वाले दिनों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सुबह करीब नौ बजे भोटेकोशी नदी में अचानक पानी बढ़ा। नेपाल-चीन सीमा के पास लेंडे नदी में बर्फ, चट्टानों और मलबे के खिसकने से पैदा हुई बाढ़ ने तिमुरे और आसपास के क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद पानी और मलबा त्रिशूली नदी तक पहुंचा और देखते ही देखते नुवाकोट, चितवन, गोरखा, तनहुं और नवलपरासी तक इसका असर दिखाई देने लगा।

यह सामान्य बारिश या नदी में आई बाढ़ नहीं थी। पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा, पत्थर और बर्फ नीचे की ओर आया, जिसने रास्ते में मौजूद ढांचों को ध्वस्त करने की क्षमता कई गुना बढ़ा दी।

नेपाल के विदेश मंत्री के अनुसार भूकंप के कुछ ही मिनट बाद अचानक बाढ़ की सूचना मिली। शुरुआती वैज्ञानिक आकलन में यह संभावना सामने आई है कि भूकंप के झटकों से ऊंचाई वाले क्षेत्र में ग्लेशियर या बर्फ का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और उसने नदी में अचानक भारी मात्रा में पानी और मलबा पहुंचा दिया।

हालांकि आपदा का अंतिम वैज्ञानिक कारण अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हुआ है। यही सावधानी जरूरी है, क्योंकि हिमालय में भूकंप, ग्लेशियर झील, हिमस्खलन और भारी शेष पृष्ठ 3 पर

# हमारी वजह से नहीं आई बाढ़, भड़का चीन

जन जन विचार
...✍ काठमांडू/बीजिंग

नेपाल में आई भीषण बाढ़ और मलबे के सैलाब को लेकर चीन और नेपाल के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। नेपाल की ओर से चीन में बने एक कथित प्राकृतिक बांध के टूटने को तबाही की वजह बताए जाने पर चीन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने कहा कि



26 अगस्त की सुबह भूकंप या भूकंप जैसी गतिविधि के कारण ग्लेशियर धंसने की घटना हुई। इसके बाद बड़ी मात्रा में मलबा और कीचड़ नीचे की ओर बहा, जिससे नेपाल-चीन सीमा के ग्यिरोंग-रसुवागढ़ी क्षेत्र में भारी तबाही हुई। चीन ने नेपाल के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि आपदा के समय आरोप लगाने के बजाय दोनों देशों को राहत और बचाव कार्यों पर ध्यान देना चाहिए।

नेपाल की ओर से सामने आई जानकारी के मुताबिक, ल्हेंदे नदी का बहाव मलबे के कारण बाधित हुआ था। इसके बाद अचानक पानी और मलबे का तेज बहाव आया, जिसने रसुवागढ़ी के तिमुरे क्षेत्र में कई बस्तियों, सड़कों और इमारतों को नुकसान पहुंचाया।

# रोहा में 'नामघर तीर्थयात्रा-2026' का शुभारंभ

जन जन विचार
...✍ रोहा



रोहा समष्टि कंठमंच की ओर से सप्ताहव्यापी 'नामघर तीर्थयात्रा-2026' का शुभारंभ पूर्व टोपाकुची स्थित नामघर से भक्तिमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नाम-कीर्तन, बरगीत और सत्रीया नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को नाम-कीर्तन से गुंजायमान कर दिया।

कंठमंच के सचिव जतिन जोनाक के संचालन में आयोजित शुभारंभ समारोह में नगांव के जिला आयुक्त देवाशीष शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने नामघर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और कंठमंच की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को नामघर और अपनी आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर विशिष्ट बांसुरी वादक एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुरस्कार से सम्मानित दिलीप हीरा तथा लगातार 24 घंटे छह शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली तुष्टिमना नाथ को 'समष्टि गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। जिला आयुक्त ने दोनों को फूलाम गामोछा और स्मृति-चिह्न प्रदान किया। कई अन्य कलाकारों का भी फूलाम गामोछा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

कंठमंच के सचिव जतिन जोनाक ने बताया कि यात्रा के दौरान रोहा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न नामघरों में जाकर माथा टेकने के साथ आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में नाम-प्रसंग, भक्तिमय संगीत, आध्यात्मिक चर्चा, सामाजिक जागरूकता और कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

# गरीब मेधावी विद्यार्थियों का डॉक्टर बनने का सपना अब होगा आसान

## ढेकियाजुली में सितंबर से शुरू होगी नि:शुल्क 'सुपर-30' नीट कोचिंग

जन जन विचार
...✍ ढेकियाजुली



आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी का नि:शुल्क अवसर मिलेगा। परमानंद-इंदुमती सिंघल फाउंडेशन की ओर से ढेकियाजुली में 'सुपर-30' नाम से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसकी शुरुआत सितंबर के पहले सप्ताह में होने की तैयारी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा ढेकियाजुली के विधायक अशोक सिंघल ने भोटपाड़ा स्थित विधायक सेवा केंद्र में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की कमी नहीं है, लेकिन महंगी कोचिंग के कारण कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी नहीं कर पाते। 'सुपर-30' के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन और व्यवस्थित तैयारी का अवसर दिया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि यह पहल केवल ढेकियाजुली तक सीमित नहीं रहेगी। गोलकगंज, धुबड़ी, गौरीपुर, सिपाझार, मंगलदै और बरसोला सहित अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू करने की योजना है। जोरहाट और शिवसागर में भी इस योजना के विस्तार पर विचार किया जा रहा है।

इसके अलावा भोटपाड़ा स्टेडियम में करीब 400 युवक-युवतियों को भारतीय सेना, असम पुलिस और एसएसएससी जीडी जैसी भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। प्रशिक्षण में शारीरिक दक्षता के साथ लिखित परीक्षा की तैयारी पर भी जोर दिया जा रहा है।

## राशिफल

28 अगस्त से 3 सितंबर, 2026।। विक्रम संवत 2083-**मास** : श्रावण, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** :पूर्णिमा

**मेष :** यह सप्ताह आपके लिए उत्साह और नई ऊर्जा लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे होने के योग हैं। आर्थिक मामलों में लाभ हो सकता है, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। नौकरी और व्यवसाय में नए अवसर सामने आ सकते हैं। धन संबंधी स्थिति मजबूत होगी। किसी पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन :** सप्ताह की शुरुआत व्यस्तता के साथ होगी, लेकिन धीरे-धीरे परिस्थितियाँ आपके पक्ष में आएँगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। मित्रों से सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें।

**कर्क :** करियर के लिहाज से सप्ताह सकारात्मक रहेगा। नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, हालांकि खर्च बढ़ सकता है। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**सिंह :** आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। नौकरी-व्यवसाय में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण योजना में सफलता मिलने की संभावना है। यात्रा के योग बन सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और परिवार में सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** इस सप्ताह आपकी मेहनत रंग लाएगी। कार्यक्षेत्र में सफलता और आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे। नई जिम्मेदारी आपके लिए भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है। परिवार में वातावरण अच्छा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी।

**तुला :** सप्ताह आपके लिए संतुलित और सकारात्मक रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में नई संभावनाएँ दिखाई देंगी। आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है। प्रेम और वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आर्थिक दृष्टि से सप्ताह लाभदायक रह सकता है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की प्रशंसा होगी। पुराने विवाद समाप्त होने के संकेत हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन तनाव और अधिक काम से बचना उचित होगा।

**धनु :** करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। नौकरी बदलने या नई योजना शुरू करने का विचार सफल हो सकता है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आर्थिक लाभ के साथ खर्च भी बढ़ सकता है। परिवार और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर :** सप्ताह की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन बाद में परिस्थितियाँ बेहतर होंगी। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि मिल सकती है। धन संबंधी मामलों में सावधानी से निर्णय लें। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। किसी पुराने काम के पूरा होने से राहत मिलेगी।

**कुंभ :** नई योजनाओं और नए कार्यों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी और व्यवसाय में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। आपकी रचनात्मकता और मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। रिश्तों में पारदर्शिता बनाए रखें और अनावश्यक बहस से बचें।

**मीन :** यह सप्ताह कई सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा गति पकड़ेंगे। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी या अवसर प्राप्त हो सकता है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए आराम और दिनचर्या पर ध्यान दें।

### सप्ताह के पर्व/त्योहार

**28 अगस्त (शुक्रवार) :** रक्षाबंधन, संस्कृत दिवस
**29 अगस्त (शनिवार) :** अशून्यशयन व्रत
**30 अगस्त (रविवार) :** विंध्याचली भीमचंडी देवी जयंती
**31 अगस्त (सोमवार) :** संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत
**2 सितंबर (बुधवार) :** हलषष्ठी व्रत

●ज्योतिर्विद् आचार्य अखिलेश्वर शुक्ल
भाग्योदय : पहला तल्ला, सेंट्रल प्लाजा, एमएस रोड
फैंसी बाजार, गुवाहाटी-781001 मो.-94350 40387

पृष्ठ 1 का शेषांश...

## मनुस्मृति पर सियासत

दूसरे विचार क्या हैं।

दूसरी तरफ मनुस्मृति के नाम पर आंख मूंदकर बचाव करने वालों को भी जवाब देना होगा। इतिहास कोई धार्मिक ढाल नहीं, जिसे जरूरत पड़ने पर सामने कर दिया जाए और असुविधाजनक सवाल आते ही छिपा लिया जाए। डॉ. अंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था। उनका संघर्ष सामाजिक भेदभाव के खिलाफ था। लेकिन बाद की संवैधानिक बहसों में उन्होंने प्राचीन स्मृतियों में महिलाओं के संपत्ति अधिकार से जुड़े प्रावधानों का उल्लेख भी किया। इतिहास की यही जटिलता आज की नारेबाजी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। असल खतरा मनुस्मृति नहीं, मनुस्मृति की अधूरी व्याख्या पर होने वाली वोट की राजनीति है। देश को न अंधभक्ति चाहिए, न अंधविरोध। संविधान हमारा वर्तमान है और समानता हमारा भविष्य। राजनीतिक दल अगर सचमुच सामाजिक न्याय चाहते हैं तो पुराने ग्रंथों पर बयानबाजी छोड़कर आज की महिलाओं, दलितों और वंचितों के अधिकारों पर ठोस काम करके दिखाएं।

इतिहास के पन्ने जलाकर या उन्हें चुनावी मंच पर लहराकर राजनीति आसान हो सकती है, लेकिन समाज का भविष्य नहीं बनता।

## धन दिशा



### सोना : निवेश है या सिर्फ सजावट

त्योहारों का मौसम आते ही घर में बात होने लगती है, 'इस बार सोना लेना है।' दिवाली पर सोने की खरीद एक परंपरा है, और परंपराएं अच्छी होती हैं। लेकिन सवाल यह है- क्या गहनों के रूप में खरीदा सोना एक अच्छा निवेश भी है?

सच यह है कि सोने के गहने खरीदते वक्त आप सोने की कीमत के अलावा मेकिंग चार्ज भी देते हैं, जो अक्सर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक होता है। बेचते वक्त यह चार्ज वापस नहीं मिलता। यानी गहना खरीदते ही आपका निवेश पहले दिन से घाटे में शुरू होता है।

तो फिर सोने में निवेश कैसे करें? अगर सोने को निवेश की तरह देखना है, तो दो सबसे सही और सेबी नियंत्रित तरीके हैं-गोल्ड म्यूचुअल फंड और गोल्ड ईटीएफ। दोनों सरकारी नियामक सेबी के दायरे में आते हैं, इसलिए इनमें आपके पैसे की सुरक्षा सुनिश्चित है।

**गोल्ड म्यूचुअल फंड :** शुरुआती निवेशक के लिए बेहतर। इसमें डीमैट खाते की जरूरत नहीं। आप अपने बैंक खाते से सीधे एसआईपी शुरू कर सकते हैं- सिर्फ 500 रुपए महीने से। यह फंड खुद गोल्ड ईटीएफ में निवेश करता है, इसलिए कीमत सोने के बाजार भाव से जुड़ी रहती है। नए निवेशकों के लिए यह सबसे सरल और सुरक्षित विकल्प है।

**गोल्ड ईटीएफ :** अनुभवी निवेशक के लिए। इसके लिए डीमैट और ट्रेडिंग खाता होना जरूरी है। यह शेयर बाजार में सोने की कीमत से जुड़ी यूनिट की तरह काम करता है। खर्च थोड़ा कम है, लेकिन इसे खरीदने-बेचने के लिए बाजार का थोड़ा ज्ञान होना चाहिए।

**'डिजिटल गोल्ड' से सावधान :** कुछ ऐप्स 'डिजिटल गोल्ड' बेचते हैं जिसे सेबी या आरबीआई में से कोई नियामक नियंत्रित नहीं करता। इन पर निवेशक सुरक्षा का कोई कानूनी ढांचा नहीं है। सेबी ने खुद इन उत्पादों को लेकर जनता को सावधान किया है। इनसे दूर रहें।

पोर्टफोलियो में कितना सोना हो? कुल निवेश का 10-15 प्रतिशत सोने में रखना समझदारी है। यह बाजार की गिरावट के समय एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। लेकिन इससे ज्यादा सोने में लगाना भी सही नहीं - सोने पर नियमित आमदनी नहीं होती।

सोना हमेशा से भारतीय परिवारों की भावना का हिस्सा रहा है। गहने जरूर खरीदें, लेकिन उसे निवेश न समझें। निवेश के लिए गोल्ड म्यूचुअल फंड चुनें, सेबी का नियंत्रण, एसआईपी की सुविधा, और सोने का फायदा- सब एक साथ।

**अगले हफ्ते :** 80 सी- टैक्स बचाने का सही तरीका, और जो गलतियां ज्यादातर लोग करते हैं।

इस कॉलम के लिए आपका कोई सवाल है? हमें भेजिए

**-कोमल जैन**

पर्सनल फाइनेंस एक्सपर्ट, संस्थापक, वेल्थप्लायर्स- मो. 9004510577

# असम में कृषि विकास की नई राह बनेगी सिंचाई : पीयूष

जन जन विचार ...✍ गुवाहाटी



## पांच वर्षों में 7,000 करोड़ खर्च करने का लक्ष्य खेतों तक पानी पहुंचाने पर सरकार का जोर

असम सरकार ने कृषि क्षेत्र को नई गति देने के लिए सिंचाई व्यवस्था के विस्तार को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। कृषि एवं सिंचाई मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि राज्य में कृषि विकास के अगले चरण की आधारशिला मजबूत सिंचाई व्यवस्था होगी। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में सिंचाई विभाग के माध्यम से 7,000 करोड़ रुपए खर्च करने का है।

सिंचाई विभाग की प्रगति की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास अधिक से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई के दायरे में लाना है। इसके लिए बड़े और अधिक प्रभावी सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के साथ मौजूदा योजनाओं की कार्यक्षमता बढ़ाई जाएगी।

हजारिका ने अधिकारियों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि धन की उपलब्धता के बावजूद योजनाओं में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग को आवंटित हर रुपए का परिणाम खेतों तक पानी पहुंचने के रूप में दिखाई देना चाहिए।

मंत्री के अनुसार, अगले पांच वर्षों में प्रस्तावित 7,000 करोड़ रुपए का खर्च पिछले पांच वर्षों में हुए व्यय की तुलना में करीब तीन गुना अधिक है। सरकार सिंचाई प्रणालियों में अनावश्यक जल-ग्रहण बिंदुओं को कम करने और संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग पर भी ध्यान देगी।

सरकार का मानना है कि सिंचाई का विस्तार होने से किसानों को खेती के लिए अधिक भरोसेमंद जलस्रोत मिलेगा, कृषि भूमि का बेहतर उपयोग संभव होगा और राज्य में खेती का दायरा बढ़ेगा।

# मेघालय में रासायनिक खाद से मुक्ति की तैयारी

जन जन विचार ...✍ शिलांग

मेघालय सरकार राज्य में रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल को धीरे-धीरे खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने विधानसभा में कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य को देश में जैविक खेती के सबसे व्यापक क्षेत्रों में शामिल करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार रासायनिक खाद को बढ़ावा देने के बजाय किसानों को इसके इस्तेमाल से दूर करने की नीति पर काम कर रही है। इसके लिए जैविक खाद, मिट्टी की जांच और जैविक प्रमाणीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम बदलाव के दौर में हैं और उम्मीद है कि एक दिन राज्य में रासायनिक खाद की जरूरत नहीं रहेगी।'

विधानसभा में उर्वरकों की उपलब्धता और कृषि उपज के दाम को लेकर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने जुलाई में पत्तागोभी की कीमतों में आई भारी गिरावट का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जुलाई में कीमत करीब 2 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई थी, जो अब बढ़कर 20 से 25 रुपए प्रति किलो हो गई है। संगमा ने कहा कि जुलाई में कीमतों में गिरावट का एक प्रमुख कारण पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों से सब्जियों की अधिक आपूर्ति रही।

## पृष्ठ 1 का शेषांश...

### नेपाल में जल प्रलय

वर्षा-इन सभी का संयुक्त प्रभाव अचानक विनाशकारी बाढ़ में बदल सकता है।

**सबसे बड़ा सवाल : क्या हिमालय विकास के दबाव में है?**

इस त्रासदी ने एक बार फिर हिमालयी क्षेत्र में तेजी से हो रहे निर्माण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेपाल और तिब्बत दोनों ही क्षेत्रों में सड़क, सुरंग, जलविद्युत और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार हो रहा है। हिमालय की भौगोलिक संरचना अत्यंत नाजुक है और यह क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील माना जाता है।

ऐसे इलाके में किसी भी बड़ी परियोजना का मूल्यांकन केवल आर्थिक लाभ के आधार पर नहीं किया जा सकता। सवाल यह है कि क्या परियोजनाओं के निर्माण से पहले भूकंपीय जोखिम, ग्लेशियर टूटने की संभावना, अचानक बाढ़ और नदी के प्राकृतिक प्रवाह का पर्याप्त अध्ययन किया जा रहा है?

रणनीतिक विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने इस घटना को हिमालय में बड़े बांधों और परियोजनाओं से जुड़े जोखिमों के संदर्भ में देखने की जरूरत बताई है। हालांकि किसी विशेष परियोजना को इस बाढ़ का प्रत्यक्ष कारण बताना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन इस आपदा ने हिमालयी क्षेत्र में बड़े जलविद्युत ढांचों की सुरक्षा और संभावित सीमा-पार प्रभावों पर बहस जरूर तेज कर दी है।

नेपाल के बाद अब भारत की चिंता क्यों बढ़ी? नेपाल की नदियां भारत के मैदानी इलाकों की नदियों से सीधे जुड़ी हैं। इसलिए हिमालय में होने वाली बड़ी प्राकृतिक आपदा का असर केवल नेपाल तक सीमित नहीं रहता। नेपाल में जलस्तर बढ़ने के साथ बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

भारत के लिए चुनौती दोहरी है-एक ओर नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी और दूसरी ओर सीमा पार से आने वाले अतिरिक्त पानी के कारण भारतीय नदियों में बढ़ते जलस्तर की निगरानी।

विशेष रूप से बिहार के लिए यह स्थिति गंभीर है, क्योंकि राज्य की कई प्रमुख नदियां नेपाल से निकलती हैं। मानसून के दौरान पहले से ऊफनाई नदियों में अचानक अतिरिक्त पानी आने पर निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा तेजी से बढ़ सकता है।

नेपाल सरकार ने नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस और नेपाल पुलिस को राहत एवं बचाव कार्यों में लगाया है। सेना ने 12 हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं और कई स्थानों पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। लेकिन कई प्रभावित इलाकों में हेलीकॉप्टर उतारना भी मुश्किल हो रहा है।

भारत ने भी सहायता का हाथ बढ़ाते हुए मानवीय सहायता एवं आपदा राहत के तहत 10 टन राहत सामग्री और आवश्यक दवाएं नेपाल भेजी हैं।

आपदा ने नेपाल के ऊर्जा ढांचे को भी झटका दिया है। नुवाकोट और रसुवा जिलों में कई चालू और निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। इससे केवल बिजली उत्पादन प्रभावित होने का खतरा नहीं है, बल्कि यह सवाल भी उठता है कि पर्वतीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण ऊर्जा परियोजनाओं को प्राकृतिक आपदाओं से कितना सुरक्षित बनाया गया है।

संपादकीय

## राहुल की नारी-मुक्ति व प्रियंका

राहुल गांधी जब मंच से कहते हैं कि महिला किसी की संपत्ति नहीं, वह स्वयं की मालिक है, तो सुनने में यह बात बेहद प्रभावशाली लगती है। लेकिन राजनीति में असली परीक्षा नारों की नहीं, उनके अपने जीवन और विचारों की होती है।

राहुल ने मनुस्मृति को महिलाओं की स्वतंत्रता के विरोध का प्रतीक बताया और पितृसत्ता को तोड़ने का आह्वान किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि महिलाओं को कानून, शिक्षा, संपत्ति, रोजगार और राजनीति में पुरुषों के समान अधिकार मिलने चाहिए। सवाल यह है कि क्या हर पारंपरिक भूमिका अपने आप में पितृसत्ता का प्रमाण है?

यहीं राहुल के सामने सबसे कठिन सवाल खड़ा होता है-प्रियंका गांधी का जीवन।

एक ही परिवार में जन्मे भाई-बहन, समान राजनीतिक विरासत, लेकिन बिल्कुल अलग जीवन-यात्रा। राहुल 33 वर्ष की उम्र में संसद पहुंचे और दशकों तक राजनीति में प्रयोग करने, असफल होने और फिर खड़े होने का अवसर मिला। प्रियंका ने विवाह किया, मां बनीं, परिवार और राजनीति दोनों से जुड़ी रहीं और 52 वर्ष की उम्र में संसद पहुंचीं।

क्या यह अंतर पितृसत्ता का परिणाम था? संभव है। लेकिन यह भी संभव है कि यह व्यक्तिगत पसंद और परिस्थितियों का परिणाम हो। किसी महिला का विवाह और मातृत्व चुनना उसकी स्वतंत्रता की हार मान लेना भी उतना ही गलत है जितना उसे इन भूमिकाओं तक सीमित कर देना।

राहुल की बात का सबसे मजबूत हिस्सा यही होना चाहिए कि महिला को अपने जीवन का फैसला खुद करने का अधिकार मिले। लेकिन यह सिद्धांत तब और विश्वसनीय होगा, जब राजनीति में रिश्तों, परिवार और परंपरा को बिना जांचे-परखे खलनायक बनाने के बजाय व्यक्तिगत स्वतंत्रता की जटिलताओं को भी स्वीकार किया जाए।

मनुस्मृति पर बहस आसान है, लेकिन अपने घर के आईने में वही सवाल देखना कहीं ज्यादा कठिन।

## हंगर मार्च के शहीदों को नमन

मणिपुर के 1965 के हंगर मार्च के शहीदों को याद करना केवल पुष्पांजलि देने की रस्म नहीं होनी चाहिए। उन युवाओं ने चावल की कृत्रिम कमी और प्रशासनिक विफलता के खिलाफ आवाज उठाई थी। उनका संघर्ष एक सवाल छोड़ गया था-सरकार जनता के प्रति कितनी जवाबदेह है? आज 61 साल बाद मणिपुर फिर उसी सवाल के सामने खड़ा है, लेकिन इस बार संकट कहीं गहरा है। हिंसा ने समाज को बांट दिया है, हजारों परिवार विस्थापित हैं और राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध आवाजाही तक चुनौती बन गई है। एनआरसी और जनगणना जैसे संवेदनशील मुद्दों ने अविश्वास को और बढ़ाया है।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से होना चाहिए, उन्हें जातीय और क्षेत्रीय चश्मे से देखा जा रहा है। विस्थापित परिवार चाहे किसी भी समुदाय के हों, उनका दर्द एक जैसा है। उन्हें सुरक्षा, घर, भोजन, शिक्षा और सम्मान के साथ लौटने का अधिकार है। सरकार को अब घोषणाओं से आगे बढ़कर गांव-दर-गांव पुनर्वास की स्पष्ट समयसीमा तय करनी होगी। राजमार्ग किसी समुदाय की जागीर नहीं हैं। हर कानूनसम्मत नागरिक को बिना भय यात्रा करने का अधिकार मिलना चाहिए।

# जर्जर शिक्षा व्यवस्था

जन जन विचार
...✍ ललित गर्ग

भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। एक शिक्षक, टूटती दीवारें और घटते सरकारी स्कूल-क्या शिक्षा के बिना 2047 का सपना पूरा होगा? दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय हैं। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं।

विडंबना यह है कि उसी देश में हम विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल संस्थानों और अत्याधुनिक शिक्षण परिसरों की चर्चा करते हैं, लेकिन गांव के उस बच्चे की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं देते जो टूटी छत के नीचे बैठकर भविष्य के सपने देख रहा है। कहीं शिक्षक एक है और कक्षाएं पांच। कहीं विद्यालय भवन जर्जर है, कहीं पानी नहीं, कहीं शौचालय नहीं, कहीं बिजली और पंखे नहीं। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में विद्यार्थियों को अधिक शिक्षक, बेहतर भोजन, पेयजल, पंखे और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा। फतेहपुर में तो लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने जर्जर कक्षाओं, रिसती छतों और सुरक्षित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदर्शन किया। यह स्थिति केवल किसी एक राज्य अथवा किसी एक सरकार की विफलता नहीं है। यह वर्षों से चली आ रही उस प्रशासनिक सोच का परिणाम है जिसमें शिक्षा को प्राथमिकता तो भाषणों में दी गई, लेकिन उसकी गुणवत्ता और जवाबदेही को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान नहीं मिला। शिक्षा विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी व्यवस्था है, बजट है, योजनाएं हैं, समितियां हैं, निरीक्षण तंत्र है-फिर भी एक शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूल कैसे बने रहे? यह सवाल केवल सरकार से नहीं, पूरे प्रशासनिक तंत्र से पूछा जाना चाहिए।

निश्चित रूप से तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। यूडीआईएसई प्लस के अनुसार 2024-25 में देश में कुल 14.71 लाख स्कूल, करीब 24.69 करोड़ विद्यार्थी और एक करोड़ से अधिक शिक्षक हैं। सरकारी स्कूलों की संख्या 10.13 लाख है, जबकि निजी मान्यता प्राप्त स्कूल करीब 3.40 लाख हैं। सरकार के आंकड़े यह भी बताते हैं कि एकल-शिक्षक स्कूलों की संख्या 2023-24 के 1,10,971 से घटकर 2024-25 में 1,04,125 हुई है और कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूलों का अनुपात 57.2 प्रतिशत से बढ़कर 64.7 प्रतिशत हुआ है। इन सुधारों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि मान लेना आत्मसंतोष होगा। क्योंकि शिक्षा की असली कसौटी भवन, कंप्यूटर या आंकड़े नहीं, बच्चे की सीखने की क्षमता और उसके भविष्य का निर्माण है।

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट एक और महत्वपूर्ण तस्वीर सामने रखती है। 2014-15 में देश में 11.07 लाख सरकारी स्कूल थे, जो 2024-25 में घटकर 10.13 लाख रह गए। इसके विपरीत निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या 2.88 लाख से बढ़कर 3.39 लाख हो गई। यह परिवर्तन केवल स्कूलों की संख्या का उतार-चढ़ाव नहीं है, यह अभिभावकों की बदलती पसंद और सरकारी शिक्षा में घटते विश्वास का संकेत भी है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब सरकार के पास भवन है, जमीन है, प्रशिक्षित शिक्षक हैं, वेतन देने की क्षमता है और विशाल प्रशासनिक तंत्र है, तब सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से पीछे क्यों हैं? निजी स्कूलों की आलोचना करना आसान है, लेकिन यह भी देखना होगा कि अभिभावक अपनी सीमित आय में फीस देकर भी निजी स्कूल क्यों चुन रहे हैं। इसका उत्तर सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता, अनुशासन, नियमितता, अंग्रेजी एवं तकनीकी शिक्षा, अभिभावक संवाद और सीखने के वातावरण में छिपा है। एसीईआर के आंकड़े भी इस अंतर को रेखांकित करते हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में कक्षा 3 के बच्चों में कक्षा 2 स्तर का पाठ पढ़ पाने वालों का अनुपात सरकारी स्कूलों में 23.4 प्रतिशत था, जबकि निजी स्कूलों में 35.5 प्रतिशत। कक्षा 5 में भी सरकारी स्कूलों का आंकड़ा 44.8 प्रतिशत और निजी स्कूलों का 59.3 प्रतिशत रहा। यानी समस्या केवल स्कूल भवन की नहीं, सीखने के परिणामों की भी है।

इसी के समानांतर उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तस्वीर भी चिंता पैदा करती है। पेपर लीक, परीक्षा में अनियमितता, भर्ती में देरी और युवाओं के आंदोलनों की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। 2026 में परीक्षा संबंधी विवादों ने विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों में असंतोष को व्यापक बनाया। इसका अर्थ यह है कि समस्या शिक्षा-व्यवस्था के निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक फैली हुई है। प्राथमिक स्कूल में कमजोर नींव, माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता का संकट और उच्च शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता का सवाल-इन सबको अलग-अलग देखकर समाधान नहीं निकलेगा। सरकारी स्कूल वास्तव में भारत की सामाजिक समानता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन स्कूलों में ग्रामीण परिवारों, श्रमिकों, गरीबों, वंचित वर्गों और निम्न आय वाले परिवारों के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ते हैं। यदि इन विद्यालयों की गुणवत्ता गिरती है तो सबसे अधिक नुकसान उसी वर्ग को होता है जिसके पास महंगे निजी स्कूलों का विकल्प नहीं है। इसलिए सरकारी स्कूलों की बदहाली केवल शिक्षा का संकट नहीं, सामाजिक न्याय का संकट भी है।

यहां एक कठोर लेकिन सार्थक सुझाव पर विचार होना चाहिए-क्या जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों के लिए कुछ निश्चित परिस्थितियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा को प्रोत्साहित अथवा अनिवार्य करने जैसी व्यवस्था बनाई जा सकती है? जब नीति बनाने वाले परिवार स्वयं उसी व्यवस्था का अनुभव करेंगे, तब शायद स्कूल की टूटी खिड़की, बंद शौचालय, शिक्षक की कमी और खराब मिड-डे-मील केवल फाइल की टिप्पणी नहीं रहेंगे, बल्कि व्यक्तिगत अनुभव बन जाएंगे। शिक्षा को केवल मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, यूनिफॉर्म या मुफ्त पुस्तकों की योजनाओं तक सीमित नहीं किया जा सकता। ये आवश्यक हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना नहीं, उसे ज्ञान, विवेक, कौशल, संस्कार और आत्मविश्वास से संपन्न नागरिक बनाना है। जिस बच्चे को आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, उससे कल विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान की अपेक्षा कैसे की जा सकती है?

# टीआरई-4 पर झुकी सरकार एक ही चरण में होगी परीक्षा

जन जन विचार
...✍ पटना

बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं और शिक्षक भर्ती को लेकर लंबे समय से चल रहे छात्र आंदोलन के बीच राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। टीआरई-4 शिक्षक भर्ती परीक्षा अब दो चरणों में नहीं, बल्कि एक ही चरण में आयोजित की जाएगी। छात्र प्रतिनिधियों की प्रमुख मांग को स्वीकार करते हुए सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं से जुड़े कुल 10 महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति जताई है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार शुरू से ही छात्रों की मांगों को लेकर गंभीर रही है और उनके बेहतर भविष्य के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा विभाग के सचिव की अध्यक्षता में छात्र प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक के बाद टीआरई-4 को एकल चरण में कराने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था, पारदर्शिता और अभ्यर्थियों की शिकायतों से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श के बाद सरकार ने परीक्षा सुधार के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह समिति पटना हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की अध्यक्षता में काम करेगी।

समिति के समक्ष विभिन्न परीक्षाओं को लेकर छात्रों की शिकायतें, सुझाव और आरोप रखे जा सकेंगे।

# नगर परिषद सभापति सभी वादों पर फेल

## पूर्व सभापति अंशुमान नंदन सिंह ने लगाया आरोप, मांगा इस्तीफा

जन जन विचार
...✍ संजय गुप्ता
शिवहर

नगर परिषद के पूर्व सभापति अंशुमान नंदन सिंह ने प्रेस वार्ता कर वर्तमान सभापति राजन नंदन सिंह पर विकास कार्यों में विफल रहने और जनता से किए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले राजन नंदन सिंह ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय-जगदीश नंदन सिंह पथ की समस्या को दो वर्ष में दूर कर क्षेत्र को विकास की राह पर ले जाने का वादा किया था, लेकिन करीब तीन वर्ष दो महीने बीत जाने के बावजूद कार्य गुणवत्ता के अनुरूप पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने सभापति से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की।

पूर्व सभापति ने कहा कि वे नगर परिषद के सभी 26 वार्डों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं और विभिन्न विकास कार्यों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने नल की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए



कहा कि कई स्थानों पर काम संतोषजनक नहीं है। नगर परिषद में शामिल सात गांवों को ग्रामीण फीडर से बिजली मिलती है, जबकि बिजली बिल का भुगतान शहरी क्षेत्र की दर से करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए सभापति की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई।

उन्होंने नाला निर्माण की गुणवत्ता और लेवलिंग पर भी सवाल उठाया। साथ ही आरोप लगाया कि कई योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार नहीं किया गया और शहरी आवास योजना के लाभुकों को भी अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। गरीब परिवारों के पक्के मकान निर्माण में भी कथित रूप से लापरवाही बरती जा रही है।

अंशुमान नंदन सिंह ने नगर परिषद कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्पष्ट नीति निर्धारण के अभाव में विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर ऐसी सड़कों का निर्माण कराया गया, जिसकी तत्काल आवश्यकता नहीं थी। साफ-सफाई व्यवस्था पर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

पूर्व सभापति ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही बुडको के माध्यम से प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय-जगदीश नंदन सिंह पथ के निर्माण की योजना स्वीकृत कराई गई थी। उनके कार्यकाल में हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट भी लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान में इनके रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे शहर के कई हिस्सों में अंधेरा रहता है।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही संकेत दिया कि आने वाले दिनों में वे विकास कार्यों और नगर परिषद की कार्यप्रणाली से जुड़े और भी मामलों का खुलासा करेंगे।




## गंगा में मजदूरों से भरी नाव पलटी, छह लापता

**भागलपुर** के नवगछिया के राघोपुर में गंगा की तेज धारा में मजदूरों से भरी नाव पलट गई। नाव में सवार 18 मजदूरों में से 12 सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि छह के लापता होने की आशंका है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, गोताखोर और स्थानीय प्रशासन ने मोटरबोट की मदद से तलाश अभियान शुरू कर दिया। तेज बहाव के कारण राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाई आ रही है।

## गंगा कटाव का मुद्दा अब टावर तक पहुंचा

**वैशाली** के राघोपुर में कटावरोधी काम शुरू नहीं होने से नाराज नगरगांवा निवासी रवि कुमार पहाड़पुर पश्चिमी के बजरंगबली चौक स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक ने मौके पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को बुलाने और कटावरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की। सूचना मिलते ही राघोपुर और जुरावनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाकर नीचे उतारने का प्रयास किया। परिजनों को भी बुलाया गया। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले तेजस्वी यादव ने बहरामपुर में कटाव क्षेत्र का निरीक्षण किया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं होने से युवक नाराज था।

## रिश्वत मांगने पर सहायक थानेदार निलंबित

**गोपालगंज।** पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर 3 हजार रुपए रिश्वत मांगने और कदाचार के आरोप प्रमाणित होने पर एसपी विनय तिवारी ने भोरे थाने के अपर थानाध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जांच में सामने आया कि आवेदक संजय कुमार से रिश्वत मांगी गई और राशि नहीं देने पर पुराने मामले का हवाला देकर पासपोर्ट सत्यापन में अनुचित कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, गोपालगंज रहेगा। एसपी ने भ्रष्टाचार और नियमविरुद्ध कार्रवाई पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले भी रिश्वत मामले में थानाध्यक्ष समेत चार लोगों को जेल भेजा गया था।

## हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

**मुजफ्फरपुर** के कांटी में एनटीपीसी के प्रतिबंधित क्षेत्र में 45 वर्षीय शंभू सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बेटी के प्रसव की खबर मिलने पर अस्पताल जाने के लिए घर से निकले थे। उनका शव डाइक लैगून-1 की झाड़ियों में मिला। बदमाश उनका मोबाइल भी ले गए। परिजनों के अनुसार, शंभू और उनकी पत्नी को करीब एक महीने से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस धमकी और हत्या के बीच संबंध की जांच कर रही है।

## समस्तीपुर में युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**समस्तीपुर** के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी बांध पर बुधवार देर शाम दो बाइक से आए पांच हथियारबंद बदमाशों ने युवक आदित्य वत्स उर्फ नवनीत पर करीब आधा दर्जन राउंड फायरिंग कर दी। तीन गोलियां पीठ, कमर और पैर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। बताया गया कि आदित्य घरेलू सामान लेने गया था, तभी बदमाशों ने उसे घेरकर गोली मार दी। वारदात के बाद सभी हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हमले के कारणों और आरोपियों की पहचान का पता लगाया जा रहा है।

# रोसड़ा की डीसीएलआर दो लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जन जन विचार
...✍ समस्तीपुर

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा अनुमंडल में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) कंचन कुमारी झा को कथित तौर पर दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई रोसड़ा स्थित उनके सरकारी आवास पर की गई। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने आवास की तलाशी भी ली, जिसमें कथित तौर पर



करीब 13 लाख रुपए नकद बरामद होने की चर्चा है। हालांकि, नकद बरामदगी की आधिकारिक पुष्टि निगरानी विभाग की विस्तृत जानकारी के बाद ही हो सकेगी।

मामला विभूतिपुर निवासी मनोज कुमार महतो के जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता का भूमि विवाद संबंधी मामला डीसीएलआर स्तर पर लंबित था। आरोप है कि मामले को उसके पक्ष में सुलझाने के बदले कंचन कुमारी झा ने दो लाख रुपए नकद के साथ एक वॉशिंग मशीन की भी मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। शिकायत की पुष्टि होने के बाद ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे निगरानी विभाग की टीम दो वाहनों से रोसड़ा स्थित डीसीएलआर के सरकारी आवास पहुंची। टीम के साथ शिकायतकर्ता मनोज कुमार महतो भी मौजूद थे।

# गंडक में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट




**जन जन विचार**
...✍ पटना

नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की आशंका के बीच बिहार में गंडक नदी से संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशांत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में संवेदनशील जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह सतर्क रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली समेत सीतामढ़ी व शिवहर जैसे संवेदनशील जिलों के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में राहत एवं चिकित्सा सेवाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहने देने को कहा गया।

स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, नवजात शिशुओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों पर विशेष ध्यान देने की योजना बनाई है। दुर्गम क्षेत्रों में नौका एम्बुलेंस और नौका औषधालय की व्यवस्था की गई है, जिनमें डॉक्टर, पैरामेडिकल कर्मी और प्राथमिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों पर 102 एम्बुलेंस सेवा को चौबीसों घंटे अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 60 आवश्यक दवाओं और जीवनरक्षक टीकों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित किया गया है। इनमें सर्पदंश की दवा, एंटी-रेबीज वैक्सीन, ओआरएस, जिंक की गोलियां और अन्य जरूरी दवाएं शामिल हैं।

विभाग ने आशा और एएनएम के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं की सूची भी तैयार की है। जिन महिलाओं का प्रसव बाढ़ के दौरान संभावित है, उन्हें पहले से सुरक्षित स्वास्थ्य केंद्रों या प्रसव गृहों में पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

बाढ़ की स्थिति में पेयजल शुद्धिकरण और संक्रमण रोकने के लिए हैलाजोन की गोलियां, ब्लीचिंग पाउडर और चूना भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। विभाग ने सभी संबंधित जिलों को लगातार निगरानी बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# अमेठी में बनी देश की पहली पूरी तरह स्वदेशी 'शेर' राइफल

**जन जन विचार**
...✍ लखनऊ/अमेठी

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा संयंत्र में देश की पहली पूरी तरह स्वदेशी एके-203 असॉल्ट राइफल तैयार की गई है। इसे 'शेर' नाम दिया गया है। खास बात यह है कि इस संस्करण में किसी विदेशी पुर्जे या कच्चे माल का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

यह राइफल भारतीय सेना की दशकों पुरानी 5.56 मिमी इंसास राइफल की जगह लेगी। भारत-रूस सहयोग से शुरू हुई परियोजना अब पूरी तरह भारतीय उत्पादन क्षमता तक पहुंच गई है। सेना के



लिए कुल 6,01,427 राइफलों की आपूर्ति का अनुबंध करीब 5,200 करोड़ रुपए में हुआ है।

कोरवा संयंत्र में शुरुआत में एके-203 का उत्पादन रूस से मिले तकनीकी हस्तांतरण के आधार पर हुआ था। शुरुआती चरण में विदेशी तकनीक और उपकरणों पर निर्भरता थी, लेकिन अब उत्पादन की पूरी श्रृंखला भारतीय उद्योग से जुड़ गई है। स्वदेशी राइफल का फायरिंग और बर्स्ट फायरिंग परीक्षण भी पूरा किया जा चुका है।

कंपनी का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले सेना को राइफलों की आपूर्ति करना है। वर्ष 2026 से उत्पादन क्षमता बढ़ाकर करीब 12 हजार राइफल प्रतिमाह करने की योजना है। आगे संयंत्र में उत्पादन क्षमता बढ़ाते हुए हर 100 सेकेंड में एक एके-203 तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

7.62 गुणा 39 मिमी क्षमता वाली यह आधुनिक असॉल्ट राइफल मजबूती, विश्वसनीयता और संचालन में आसानी के लिए विकसित की गई है। इसे उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं के साथ आतंकवाद रोधी अभियानों में तैनात जवानों के प्रमुख व्यक्तिगत हथियारों में शामिल किया जाएगा।




## विद्यालय निरीक्षण में सामने आई खामियां

**शिवहर।** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष बागी कौशल कुमार प्रियदर्शी ने टीम के साथ उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर एवं सरस्वती कोचिंग सेंटर, कुअमा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में 500 से अधिक नामांकित बच्चों के बावजूद 50 से कम विद्यार्थी उपस्थित मिले। बच्चों ने नियमित पढ़ाई नहीं होने और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। प्रधानाध्यापक से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर टीम ने नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से फोन पर बात कर जांच एवं व्यवस्था सुधार की मांग की। मौके पर विजय राम, रजनीश जाटव, श्रवण कुमार, नितिन अरुण सहित अन्य मौजूद थे।

## ईको की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**आगरा।** मलपुरा थाना क्षेत्र में लालऊ पुल के पास तेज रफ्तार ईको गाड़ी ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कागारौल निवासी पप्पू और उनके पुत्र सनी की मौत हो गई। दोनों सिकंदरा की जूता फैक्टरी में काम करते थे और रात की शिफ्ट के बाद घर लौट रहे थे। टक्कर के बाद दोनों कई फीट दूर जा गिरे। पुलिस उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ईको छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। परिवार में मातम पसरा है।

## पानी से भरे गड्ढे में डूबकर किसान मरा

**वाराणसी।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के घियहां गांव में बारिश के पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से किसान रामनाथ यादव (42) की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। रामनाथ खेत में खाद डालकर घर लौट रहे थे। खेत के पास पानी छूने के दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गड्ढे में गिर गए और गहरे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। रामनाथ एक बेटा और एक बेटी के पिता थे। सूचना मिलने पर दिल्ली में रह रहे परिजन गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भतीजे ने घटना की तहरीर दी है।

## सड़क हादसे में गई युवक की जान

**गाजीपुर।** जमानिया में दाह संस्कार से घर लौट रहे 32 वर्षीय पंकज खरवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बृहस्पतिवार देर रात करीब एक बजे विकास खंड तिराहा और स्टेट बैंक के पास हुआ। दिलदारनगर वार्ड-5 निवासी पंकज बलुआ घाट पर दाह संस्कार में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक सामने आए साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सात बहनों के इकलौते भाई की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

## केले तोड़ने की सजा : बच्चों को बांधकर पीटा

**दरभंगा।** जमालपुर थाना क्षेत्र के ढंगा गांव में केले तोड़ने के आरोप में चार नाबालिग बच्चों को पिलर से बांधकर लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। आरोप पैक्स अध्यक्ष संजय यादव पर लगा है। बताया गया कि 25 अगस्त को चारों बच्चे खेलते हुए पैक्स अध्यक्ष के गोदाम के पास पहुंच गए थे। आरोप है कि बच्चों को पकड़कर घर ले जाया गया, जहां उन्हें रस्सी से पिलर में बांधकर पीटा गया। घटना की तस्वीर और वीडियो सामने आने के बाद मामला तूल पकड़ गया। बच्चों के परिजनों ने विरोध किया तो उन्हें धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के पहुंचने पर बच्चों को मुक्त कराया गया। जमालपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन, तस्वीर और वीडियो मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीलंका से मैच ड्रॉ खेल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारत पांचवें स्थान पर

जन जन विचार
...✍ कोलंबो

श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में बड़ा फायदा नहीं मिल सका। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम 51.52 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बनी हुई है। वहीं ऑस्ट्रेलिया 80 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर अपना दबदबा कायम रखे हुए है।

कोलंबो में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी मुकाबला अपने नाम नहीं कर सकी। श्रीलंका




के सोनल दिनुशा ने दोनों पारियों में शानदार शतक लगाकर भारतीय गेंदबाजों को लंबे समय तक परेशान किया। भारत ने श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिए मजबूर किया था, लेकिन समय रहते पूरी टीम को आउट नहीं कर सका। इससे भारत को जीत के बजाय बराबरी से संतोष करना पड़ा।

इससे पहले गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराया था। हालांकि दूसरा मुकाबला बराबरी पर छूटने के कारण भारत की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

